JAC BOARD

QUESTION PAPER 2024

Download
PDF

AGLASEM.COM

सर्वाधिकार सुरक्षित
COPYRIGHT RESERVED

Total No. of Pages : 24
पृष्ठों की कुल संख्या : 24

JAC

HNA
Arts

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

ANNUAL INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024

HINDI - A (CORE)

(Compulsory)

Total Time : 3 Hours 15 minute | Full Marks : 80

कुल समय : 3 घंटे 15 मिनट | **पूर्णांक** : 80

General Instructions / सामान्य निर्देश :

1. This Question Booklet has *two* Parts — **Part-A** and **Part-B**.

   इस प्रश्न-पुस्तिका में **दो** भाग — **भाग-A** तथा **भाग-B** हैं।

2. **Part-A** is of MCQ Type having **30** marks and **Part-B** is of Subjective Type having **50** marks.

   भाग-A में **30** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा **भाग-B** में **50** अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

3. The candidate has to answer in the Answer Booklet which will be provided separately.

   परीक्षार्थी को अलग से उपलब्ध कराई गई उत्तर-पुस्तिका में उत्तर देना है।

Part-A
भाग-A

(Multiple Choice Type Questions)

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

Question Nos. **1** to **30** are Multiple Choice Type. Each question has *four* options. Select the correct option and write it in the Answer Sheet. Each question carries 1 mark. $1 \times 30 = 30$

प्रश्न संख्या **1** से **30** तक बहुविकल्पीय प्रकार हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** विकल्प हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1 - 4 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें। $1 \times 30 = 30$

"फूल तुम हो सुहावने सरस,
नहीं प्यारे लगते हो किसे
लुभा लेते हो किसको नहीं
हो न किसकी आँखों में बसे
तुम्हारी चाह नहीं है कहाँ
चढ़े हो किसके सिर पर नहीं
न भोले-भाले तुमसे मिले
न तुमसे सुंदर पाए कहीं ।।"

1. कवि किसके बारे में बात कर रहा है ?

(A) भोले मनुष्य के
(B) फूल के
(C) काँटों के
(D) इनमें से कोई नहीं

2. फूल सदा किस प्रकार मिलते हैं ?

(A) हँसते हुए (B) खिले हुए

(C) इठलाते हुए (D) रोते हुए

3. फूल सबको क्या करता है ?

(A) लुभा लेता है (B) भुला देता है

(C) सुझा देता है (D) इनमें से कोई नहीं

4. फूल की चाह कहाँ चढ़ने की है ?

(A) किसी के सिर पर (B) सभी के सिर पर

(C) कहीं भी (D) इनमें से सभी

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 5 - 8 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

स्वस्थ रहने के लिए एक उत्तम औषधि है – प्रातःकाल का भ्रमण । प्रातःकालीन भ्रमण हमारे तन तथा मन दोनों को स्वस्थ रखता हैं । पक्षियों का कलरव मन में उत्साह जगाता है तथा शरीर में स्फूर्ति भरता है । आसमान में उदित होता सूर्य नवीन आशा का संचार करता है । ऐसे समय में भ्रमण करने से आलस्य दूर होता है । मन चिंता रहित होता है । नए जोश से काम करने की इच्छा मन में जगाती है । प्रातःकाल की शुद्ध हवा बीमारियों को दूर कर स्वास्थ्य में सुधार करती है । थकावट को दूर कर हमारे शरीर में नई स्फूर्ति उत्पन्न करती है । प्रातःकाल का भ्रमण एक प्रकार का व्यायाम है,

जो शरीर के सभी अवयवों को स्वस्थ रखने में सहायक है । इसलिए हमें नियमित रूप से प्रातःकाल का भ्रमण करना चाहिए ।

5. स्वस्थ रहने की उत्तम औषधि क्या है ?

(A) प्रातःकाल का भ्रमण (B) मध्य काल का भ्रमण

(C) संध्या काल का भ्रमण (D) आयरन की गोली

6. भ्रमण से क्या-क्या स्वस्थ रहता है ?

(A) तन मन (B) धन जन

(C) जन धन (D) इनमें से सभी

7. शरीर के सभी अवयवों को स्वस्थ रखने के लिए क्या आवश्यक है ?

(A) शुद्ध हवा (B) शुद्ध दवा

(C) शुद्ध व्यवहार (D) शुद्ध आहार

8. भ्रमण एक क्या है ?

(A) आयाम (B) व्यायाम

(C) अभियान (D) मध्य यान

9. समाचार लेखन की शैली कौन-सी है ?

(A) काव्यात्मक शैली (B) उल्टा पिरामिड शैली

(C) संस्मरणात्मक शैली (D) भावात्मक शैली

JAC

10. टी० वी० किस प्रकार का जनसंचार माध्यम है ?

(A) दृश्य माध्यम (B) श्रव्य माध्यम

(C) दृश्य-श्रव्य माध्यम (D) इनमें से कोई नहीं

11. एक अच्छे सम्पादक में क्या गुण होना चाहिये ?

(A) विश्वसनीयता (B) निष्पक्षता

(C) ईमानदारी (D) इनमें से सभी

12. 'रिमाइण्डर' को हिन्दी में क्या कहते हैं ?

(A) स्मृति पत्र (B) अनुस्मारक

(C) मिनट (D) नोटिस

13. किसी विषय विशेष पर विचारों की शृंखलाबद्ध, तर्कपूर्ण और विश्लेषणात्मक प्रस्तुति को क्या कहते हैं ?

(A) फीचर (B) आलेख

(C) प्रतिवेदन (D) इनमें से कोई नहीं

14. जब कहानी पढ़ते-पढ़ते पाठक कौतुहल की पराकाष्ठा पर पहुँच जाय, उसे क्या कहते हैं ?

(A) निष्कर्ष (B) चरमोत्कर्ष

(C) द्वन्द्व (D) कथ्य

15. संचार भाषा में किन तत्त्वों की प्रचुरता है ?

(A) संकेताक्षरों, कूटपदों की (B) दृश्यों की

(C) ध्वनि की (D) इनमें से कोई नहीं

JAC

निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 16 - 20 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

मैं यौवन का उन्माद लिए फिरता हूँ,

उन्मादों में अवसाद लिए फिरता हूँ,

जो मुझको बाहर हँसा रुलाती भीतर

मैं हाय किसी की याद लिए फिरता हूँ ।

16. कवि किसका भार लिए फिर रहा है ?

(A) यौवन (B) बुढ़ापा

(C) शीतल (D) इनमें से सभी

17. उन्मादों में क्या लिए फिरता है ?

(A) अवसाद (B) उन्माद

(C) अपवाद (D) इनमें से सभी

18. उपर्युक्त पक्तियों के रचयिता कौन हैं ?

(A) हरिवंशराय 'बच्चन' (B) अज्ञेय

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) इनमें से कोई नहीं

19. कवि बाहर से हँसता भीतर से क्या होता है ?

(A) रोता है (B) सोता है

(C) खोता है (D) इनमें से सभी

20. कवि किसका भार लिए फिरता है ?

(A) घर-बार का (B) कार्यालय का

(C) जग-जीवन का (D) आस-पास का

21. पतंग कविता किसकी रचना है ?

(A) आलोकधन्वा (B) धर्मवीर भारती

(C) रघुवीर सहाय (D) जैनेन्द्र

22. बच्चे दौड़ते समय किसके कठोर सतह को नरम बना देते हैं ?

(A) जमीन के (B) धरती के

(C) छत के (D) खेत के

23. 'कविता के बहाने' कविता किस प्रकार की रचना है ?

(A) दोहा

(B) चौपाई

(C) छंद मुक्त

(D) छंद युक्त

24. 'बात सीधी थी पर' कविता के कवि कौन हैं ?

(A) कुँवर नारायण

(B) रघुवीर सहाय

(C) महादेवी वर्मा

(D) जयशंकर प्रसाद

25. भक्तिन का दामाद क्या लड़ाने का आदी था ?

(A) बैल

(B) मेढ़क

(C) तीतर

(D) बाज

JAC

26. लेखक के मित्र ने बाजार को कौन सा नाम दिया है ?

(A) शैतान का जाल (B) मंदिर के समान

(C) शांति देने वाला स्थान (D) इनमें से कोई नहीं

27. किशन दा यशोधर बाबू को रोज सुबह जल्दी किस कारण उठाते थे ?

(A) घर का काम करने के लिए

(B) पढ़ाई-लिखाई करने के लिए

(C) सुबह जल्दी उठने की आदत डालने के लिए

(D) ध्यान और योग करने के लिए

28. जूझ कहानी के नायक का मन किसके लिए तरसता था ?

(A) भोजन के लिए (B) पढ़ने के लिए

(C) कपड़े के लिए (D) खेलने के लिए

29. सिन्धु घाटी सभ्यता की संस्कृति को आप किस श्रेणी में रखेंगे ?

(A) खेतिहर संस्कृति (B) मैदानी संस्कृति

(C) नभ संस्कृति (D) शहरी संस्कृति

30. 'अतीत के दबे पाँव' पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) ओम थानवी (B) मनोहर श्याम जोशी

(C) आनंद यादव (D) इनमें से कोई नहीं

JAC

Part-B

भाग-B

(Subjective Type)

(विषयनिष्ठ प्रश्न)

Section – A

खण्ड – A

(Very short answer type questions)

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

Answer any *six* questions. 2 × 6 = 12

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें।

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों 31 - 33 के उत्तर दें :

ईश्वर ने हमें जिन बहुत सारी शक्तियों का वरदान दिया है, उनमें वाक्शक्ति एक है। यदि

मनुष्य में वाक्शक्ति न होती तो पूरी सृष्टि गूँगी होती और हम अपने विचारों को व्यक्त न कर

पाते । जहाँ आदमी को अपनी जिंदगी मजेदार बनाने के लिए खाने-पीने तथा चलने-फिरने

की आवश्यकता है, वहाँ बातचीत की भी हमको बहुत आवश्यकता है । बातचीत के

माध्यम से हम अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं । चित्त हल्का तथा स्वच्छ होकर

परम आनंद में मग्न हो जाता है ।

31. लेखक की दृष्टि से वाक्शक्ति क्या है ?

32. यदि मनुष्य में वाक्शक्ति न होती तो क्या होता ?

33. बातचीत की क्या उपयोगिता है ?

34. कुँवर नारायण **अथवा** धर्मवीर भारती की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखें ।

35. सिन्धु-सभ्यता साधन संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडम्बर नहीं था । कैसे ?

36. यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशन दा की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही है । आपके जीवन की दिशा किसने और कैसे दी ?

37. यशोधर बाबू के बारे में आपकी क्या धारणा बनती है ?

38. सिन्धु घाटी की सभ्यता मूलतः खेतिहर और पशुपालन सभ्यता थी । स्पष्ट कीजिए ।

JAC

Section – B

खण्ड – B

(Short answer type questions)

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

Answer any *six* questions. Answer the questions in maximum 150 words each. $3 \times 6 = 18$

किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

39. बच्चे अपने जन्म के साथ क्या लेकर आते हैं ?

40. भाषा का सहूलियत से बरतने का क्या अर्थ है ?

41. 'शमशेर की कविता गाँव की सुबह का जीवंत चित्रण है ।' पुष्टि कीजिए ।

42. अपने घर और विद्यालय के आस-पास हो रहे उन बदलावों के बारे में लिखें जो सुविधा-जनक और आधुनिक होते हुए भी बुजुर्गों को अच्छे नहीं लगते । अच्छा न लगने के क्या कारण होंगे ?

43. लेखक के अनुसार किसपर बाजार का जादू नहीं चल सकता था और क्यों ?

44. लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं, यही ढोल है ?

45. शिरीष का फूल शकुंतला के चित्त को किस प्रकार प्रभावित कर रहा था ?

46. स्वयं कविता रच लेने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ ?

Section – C

खण्ड – C

(Long answer type questions)

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

Answer any *four* questions. Answer the questions in maximum 250 words each. $5 \times 4 = 20$

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

47. 'मेरा प्यारा भारत देश' विषय पर निबन्ध लिखिए ।

अथवा

'महानगरों में बढ़ता प्रदूषण' विषय पर निबन्ध लिखिए ।

48. मित्र को ग्रीष्मावकाश साथ व्यतीत करने के लिए पत्र लिखिए ।

JAC

49. जनसंचार की व्याख्या करते हुए इसके माध्यम का उल्लेख करें ।

50. निम्न का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिये :

मुझसे मिलने को कौन विकल ?

मैं होऊँ किसके हित चंचल ?

यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है ।

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है ।

51. अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर एक आलेख लिखें ।

52. पत्रकारिता किसे कहते हैं ? पत्रकारिता के प्रकारों को लिखिए ।

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers